## एक नजर में

### महाशिवरात्री : 151 जोड़ों ने किया शिव अभिषेक



**चापोरा।** बुरहानपुर जिले के ग्राम चापोरा में प्रती वर्षानुसार इस वर्ष भी 13 फरवरी से 15 फरवरी तक दो दिवसीय महाशिवरात्री महोत्सव एवं सत्संग समारोह के आयोजन के दुसरे दिन रविवार को सुबह कथावाचक जनार्दन जी महाराज की उपस्थिती में एवं तपो मुर्ति योगी भुतनाथ जी प्रहलाद जी महाराज की विशेष उपस्थिती में 151 लक्ष्मी नारायण ने शिव अभिषेक मे भाग लेकर शिव अभिषेक कर भोलेनाथ जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथावाचक महामंडलेश्वर स्वामी जनार्दन हरी जी महाराज ने संगीतमय सत्संग महोत्सव के दुसरे दिन शिव अभिषेक के पच्छात सुबह के सत्रह मे शिव अभिषेक का महत्व बताते हुए कहा की महाशिवरात्री के पावन दिन पर शिव अभिषेक विशेषकर रुद्राभिषेक करने से भगवान शिव को प्रसन्न करने का और उनकी असीम कृपा पाने का सबसे उत्तम उपाय है जो सभी पापों को नष्ट कर सुख समृद्धी ए मनोकामना पुर्ती और मानसिक शांति प्रदान करता है पंचामृत से अभिषेक करने से मनुष्य जीवन की नकारात्मकता दुर होती है । भगवान ने हमें मनुष्य जीवन संसार में रहकर दुसरों की भलाई करने के लिए दिया है । इसलिए हम सबके कल्याण के लिए प्रार्थना कर हम सबके भलाई की कामना करें । हम फुल नहीं बन सकते तो ठीक है लेकिन कांटे बनकर मत रहना । हम किसी के दुख का कारण नहीं बने । यही शिवजी का तप होता है । शिव का अर्थ आत्मा है । सत्संग समारोह कार्यक्रम में 101 वर्ष की बुजुर्ग महिला सुभद्राबाई तोताराम वाघ का फुल माला पहनाकर एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया ।

### महाशिवरात्रि . : शहर में केदारनाथ मंदिर की जीवंत झांकी , 12 ज्योर्तिलिंगों की प्रदर्शनी भी लगी



**नेपानगर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को क्षेत्र में जगह जगह आयोजन हुए। शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों के दर्शन के लिए पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था तो वहीं केंद्रीय विद्यालय स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर सबसे अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। दरअसल यहां मंदिर को केदारनाथ का लुक दिया गया था जिसे देखने और दर्शन करने के लिए सुबह से देर रात तक यहां भक्तों के आने जाने का सिलसिला चला। इसके अलावा यहां 12 ज्योर्तिलिंगों की प्रतिकात्मक प्रदर्शनी भी खासा आकर्षण का केंद्र रही। काफी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे। केदारनाथ मंदिर का लुक देखकर लोगों को केदारनाथ मंदिर की याद आई। उन्होंने इसकी सराहना की। रविवार शाम नगर में भोले की बरात भी निकाली गई जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर उत्साह जताया। हर साल नगर में महाशिवरात्रि पर भोले की बारात निकालने की परंपरा है। इससे पहले शिव मंदिरों में पहुंचकर पूजाए अर्चना की गई। क्षेत्र के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, भस्म, चंदन, अष्टगंध, हल्दी, गंगाजल से किया।

**महाशिवरात्रि पर यहां भी हुए आयोजन:-** पांधार क्षेत्र स्थित बिल्वेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही दर्शन के लिए भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। मंदिर में महादेव का श्रृंगार किया गया। इसी तरह अन्य मंदिरों में भी पूजा अर्चना की गई। इससे पहले श्रृंगार हुआ। वहीं डाभियाखेड़ा में भी पूजा अर्चना कर गांव में पालकी यात्रा निकाली गई। इसी तरह भातखेड़ाए सातपायरीए अंबाड़ाए सारोलाए नावराए सीवल सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी महाशिवरात्रि को लेकर खासा उत्साह नजर आया। कुछ जगह भंडारे भी आयोजित गए।

### ब्लैक फंगस : आंखों की रोशनी खोये बिना सफल इलाज




**बुरहानपुर।** भावसा निवासी एक 65 वर्षीय मरीज़ को ब्लैक फंगस म्यूकोर्मिकोसिस जैसी जानलेवा बीमारी से सफलतापूर्वक निजात दिलाकर डॉक्टरों ने एक बड़ी चिकित्सकीय उपलब्धि हासिल की है। कोरोना संक्रमण के दौरान मरीज़ ब्लैक फंगस से संक्रमित हो गए थे, जिसके कारण उनके ऊपरी जबड़े की हड्डी, गाल की हड्डी, तालू तथा आंख के नीचे की हड्डी बुरी तरह सड़ चुकी थी। स्थिति इतनी गंभीर थी कि उनकी दृष्टि और जीवन दोनों पर खतरा मंडरा रहा था। मरीज की जांच के दौरान डॉक्टरों को म्यूकोर्मिकोसिस की पुष्टि हुई, जिसके बाद तत्काल जटिल सर्जरी का निर्णय लिया गया। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के ओरल एंड मैक्सिलो फेशियल सर्जन एमडीएस ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी एवं टीम के नेतृत्व में मरीज का पूरा संक्रमित जबड़ा, गाल की हड्डी, तालू की हड्डी तथा आंख के नीचे का प्रभावित हिस्सा शल्यक्रिया द्वारा निकालना पड़ा।

डॉ. सिद्दीकी के अनुसार सर्जरी के बाद मरीज को विशेष एंटी.फंगल दवाएं दी गईं, ताकि संक्रमण पूरी तरह समाप्त हो सके। कई महीनों तक चले इलाज और निरंतर चिकित्सकीय निगरानी के बाद हाल ही में मरीज का सफल क्लोजर ऑपरेशन किया गया, जिसके बाद वह पूरी तरह संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। इस पूरे इलाज की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि मरीज के चेहरे में किसी प्रकार की विकृति नहीं आने दी गई और उनकी आंख की दृष्टि, मूवमेंट तथा चेहरे की कार्यक्षमता पूरी तरह सुरक्षित रखी गई। डॉक्टरों ने यह भी सुनिश्चित किया कि किसी प्रकार का फंक्शनल लॉस न हो और मरीज सामान्य जीवन जी सके। इस जटिल और संवेदनशील सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर ऑल इज वेल हॉस्पिटल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि बुरहानपुर जैसे जिले में भी अब बड़े शहरों जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। अस्पताल में आधुनिक ऑपरेशन थिएटरए अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और हाई.रिस्क मामलों के लिए विशेष मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद हैए जिसके कारण इस तरह का जटिल केस सफल हो सका। डॉ.सिद्दीकी एवं टीम की इस सफलता पर संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर कबीर चौकसे, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती देवांशी चौकसे एवं ऑल इज वेल के स्टाफ ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेक्षित की। मरीज ने बातचीत में भावुक होते हुए कहा कि अगर समय पर मेरा इलाज नहीं होता तो मेरी आंख और मेरी जिंदगी दोनों खत्म हो जाती। आज मैं जो भी ठीक हूंए यह डॉक्टरों और ऑल इज वेल हॉस्पिटल की पूरी टीम की मेहनत और विश्वास की वजह से है। यह केस चिकित्सा जगत में ब्लैक फंगस जैसे खतरनाक संक्रमण के सफल उपचार का एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है, जो यह साबित करता है कि सही समय पर सही इलाज से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

## महाशिवरात्रि : ब्रह्मकुमारी आश्रम की झांकी केदारनाथ बाबा के दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** भव्य महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर आज पांचवें दिन ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रभु चिंतन भवन प्रांगण में भोले के विवाह पर नृत्य नाटिका पेश की गई और महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर द्वादश ज्योतिर्लिंग केदारनाथ की भव्य झांकी की महा आरती सेवा सदन महाविद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती तारिका वीरेंद्र सिंह ठाकुर कार्यवाहक अध्यक्ष हर्षित ठाकुर युवा नेता आदित्य वीर सिंह ठाकुर डॉक्टर गर्ग डॉ मुंदड़ा डॉ मनोज अगनानी समाजसेवी उद्योगपति माधव बिहारी अग्रवाल सुनील लाड सुषमा लाड पिंकी मित्तल ब्रह्माकुमारी मंगला दीदी द्वारा की गयी कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र रही भोले के विवाह की नृत्य नाटिका पर लोगों का मन भाव विभोर हो गया इस अवसर पर तारिक वीरेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहां की केदारनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए मैं स्वयं गई थी लेकिन बुरहानपुर में ब्रह्माकुमारी द्वारा या आयोजन काफी सराहनीय रहा है और ऐसा अद्भुत हो ऐसा अनुभव हो रहा है कि हम बुरहानपुर में नहीं स्वयं केदारनाथ दर्शन के लिए पहुंच चुके हैं इस अवसर पर मनोज अज्ञानी माधव बिहारी अग्रवाल हर्षित सिंह ठाकुर आदित्य वीर सिंह ने भी संबोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किये कार्यक्रम में द्वादश ज्योतिर्लिंग केदारनाथ बाबा की महा आरती की गई साथी आज शिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने भी अधिक संख्या में आकर केदारनाथ बाबा के दर्शन किए।

### ग्राम इच्छापुर में शिवरात्रि उत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाई



**नवभारत न्यूज, इच्छापुर।** ग्राम इच्छापुर में शिवरात्रि उत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाई गयी, सुबह 5 बजे से ही भक्तों की भीड़ शिव मंदिर में लगी वही नाग बाबा मंदिर पर भी शिवलिंग का अभीषेक संजय महाराज द्वारा पूजा अर्चना के साथ आरती की गई मंदिर परिसर में 50 फीट बास कि छड़ी की पूजा अर्चना कर बाजे गाजे के साथ मंदिर परिसर में धजारोहण कर मंदिर में लगाई गई ततपश्चात बारी नगर के शिवजी मित्र मंडल द्वारा 2 क्विंटल की साबूदाने की फरियाली का भक्तों को वितरण किया गया। शिवालयो में महिलाओ की भीड़ लगी थी, रात को भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भक्त मयुर खडक, राजु शेवले, रविन्द्र अटवाडे, अजय खडक, पान्डुरंग लोखंडे, बाला शेवाले, शिवाजी सावखेडे का सहयोग रहा।

### महाशिवरात्रि : 51 जोड़ों ने की पार्थिव शिवलिंग की पूजा अर्चना



सकलपंच गुजराती मोढ़ वणिक समाज की ओर से रविवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शनवारा स्थित समाज की वाडी में पूजन अर्चन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 51 जोड़ों ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर पूजा अर्चना की। सुबह 10 से शुरू हुआ कार्यक्रम 11.30 बजे तक चला जिसमें काफी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। हर साल यहां गुजराती समाज की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस बार भी आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में समाज की महिलाएं पुरुष आदि मौजूद रहे। पंडित तेजेन्द्र कानूनगो ने बताया महाशिवरात्रि पर सभी गुजराती समाज की ओर से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन किया गया। समाज में शान्ति बनी रहे। सभी भक्तों की कामना पूरी हो। इसीलिए भजन पूजन आदि किया गया। इस दौरान गुजराती समाज के पदाधिकारी, सदस्य आदि मौजूद थे।

## बोदरली में महाशिवरात्रि पर शिवाभिषेक एवं नवकुंडीय शिवगायत्री महायज्ञ



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम बोदरली स्थित श्रीहरिधाम श्रीराम मंदिर में शिवाभिषेक एवं नवकुंडीय शिवगायत्री महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शिवभक्त श्रद्धालु ने विधि.विधानपूर्वक भगवान शिव का अभिषेक एवं यज्ञ में आहुति प्रदान की।

श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, भस्म, चंदन, अष्टगंधए हल्दी एवं गंगाजल से किया। इस अवसर पर नवकुंडीय शिव गायत्री महायज्ञ में गायत्री मंत्रए महामृत्युंजय मंत्र एवं रुद्र मंत्र की विशेष आहुतियां दी गई, जिससे वातावरण शिवमय एवं भक्तिमय हो उठा।

गायत्री परिवार के विजय आचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान शिव का जीवन हमें सादगीए संयमए त्याग और समभाव से जीवन जीने की प्रेरणा देता है। शिव का नीलकंठ स्वरूप सिखाता है कि जीवन के विषम हालातों को धैर्यपूर्वक स्वीकार कर समाजहित में कार्य करना चाहिए। उनका ध्यानमग्न रूप आत्मचिंतन और आत्मसंयम का संदेश देता है, जबकि उनका परिवार सामाजिक समरसता और समानता की सीख प्रदान करता है। शिव हमें यह भी प्रेरणा देते हैं कि अहंकार का त्याग कर सरलता और करुणा को अपनाएं। पूर्णाहुति के अवसर पर सोमजी आचार्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं को एक बुराई छोड़ने एवं नियमित गायत्री मंत्र जप करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि सच्ची शिवभक्ति वही है जो जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए।

कार्यक्रम में जगन्नाथ महाराज, सुधाकर पाटिल, गोविंद पाटिल, अनिल चौधरी, मधुकर महाजन, रविन्द्र चौधरी, मनोज चौधरी एवं ईश्वर पाटिल मुकुंदा चौधरी सुधाकर चौधरी प्रवीण चौधरी रविन्द्र महाजन डॉ विजय महाजन गोपाल चौधरी धनंजय पवार गोविंद राठौड़ रमेश महाजन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ तथा अंत में विश्व कल्याण की मंगलकामना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## रेलवे संघर्ष समिति के 16 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** रेलवे संघर्ष समिति की मासिक साधारण सभा आयोजित की गई जिसमे सभी सदस्यों ने 16 वर्ष पूर्ण होने पर एक दुसरे का मुह मीठा कर बधाई के साथ साथ शुभकामनाये दी स सचिव विवेक हकीम द्वारा नये सदस्यों का समिति में स्वागत किया गया7 अध्यक्ष हमीद सुपारीवाला ने समिति के 16 वर्ष पूर्ण करने पर सभी का आभार माना एवं खंडवा से बुरहानपुर आने के लिए दोपहर 4 से लगभग रात्रि 9 बजे तक कोई भी ट्रेन उपलब्ध नही है इसलिए गोरखपुर आजमगढ़ ट्रेन के स्टोपेज की मांग की गई स उपाध्यक्ष मंसूर सेवक ने बुरहानपुर की जनता के लिए नागपुर ट्रेन के स्टोपेज की मांग पर जोर दिया एवं आगामी कार्यो की रुपरेखा तयार की गई स साधारण सभा में सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये स इस आनंदित अवसर पर रजनी गट्टानी, डॉ.निकहत अफरोज, शेहनाज अंसारी, इश्वर सिंह सिंघानिया, रियाजउल हक़ अंसारी, अताउल्ला खान, डॉ युसूफ खान, एहतेशाम अंसारी एकैलाश अग्रवाल, अकिल अहमद खान, शिफा उल्लाह खान, अरुण जोशी, मोहम्मद मर्चंट, प्रशांत तिवारी, मक्तूम मिया आदि ने उपस्थित होकर सभा को सफल बनाया स अंत में डॉ फौजिया सोडावाला ने सभी का आभार मानकर सभा का समापन किया।

## पूज्य श्री 108 श्री कल्याण बाबाश्री बनारसवाले का आगमन आज श्री गोकुलचंद्रमाजी मंदिर में




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** श्री शुद्धाद्वैत जाप यज्ञ समिती के सर्वाध्यक्ष प्रात: स्मरणीय पूज्य श्री 108 श्री कल्याण बाबाश्री बनारसवाले का आगमन युगल स्वरूप में सोमवार दिनांक 16/02/2026 शाम 05.00 बजे श्री गोकुलचंद्रमाजी मंदिर में सुनिश्चित हुआ हैं।

इस अवसर पर आपश्री के आशीर्वचन एवं फूल.फाग मनोरथ मंदिर समिती द्वारा रखा गया है साथ ही श्री आदित्य भाई मुखिया जी द्वारा होली के रसिया का कार्यक्रम भी रहेगा । सभी वैष्णवों से निवेदन है शाम 05.00 बजे से 06.30 बजे तक कार्यक्रमों में आप सादर आमंत्रित हैं । उपरोक्त जानकारी श्री गोकुलचंद्रमाजी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष अधिवक्ता हेमेन्द्र जी गोविन्दजीवाला द्वारा दी गई ।

## संत सेवालाल जयंती पर दस किमी लंबी बाइक रैली, मेधावी छात्र हुए सम्मानित



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बंजारा समाज के आराध्य संत सेवालाल महाराज की रविवार को 287वीं जयंती पर शोभायात्रा व बाइक रैली निकाली गई। बुरहानपुर से खड़कोद तक दस किमी लंबी रैली में ढाई हजार बाइक पर समाज के पांच हजार युवा शामिल हुए। कार्यक्रम में संतों ने बंजारा समाज के 84 टांडा से एकत्र हुए दस हजार लोगों को संत सेवालाल महाराज के मार्गो पर चलने का आग्रह किया। इसी जगह संत सेवालाल महाराज का विशाल मंदिर बन रहा है। यह महाराज का देश में सबसे बड़ा मंदिर होगा।

रविवार सुबह 9 बजे रेणुका देवी मंदिर परिसर से समाजजन रैली के रूप में निकले। युवाओं के साथ महिलाएं भी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुई। रेणुका माता मंदिर से निकलकर रैली मोहम्मदपुण, सिंधीबस्ती, शनवारा, बस स्टैंड, राजपुरा और शिकारपुरा चौराहा होती हुई खड़कोट पहुंची। खड़कोद में खड़की नदी के पास संत सेवालाल देवस्थान पर पूजा.पाठ कर भोग लगाया गया। ध्वजारोहण कर हनुमान जी और शिव जी की पूजा पाठ कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां समाज के सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बंजारा संस्कृति की झलक को दर्शया गया।

कार्यक्रम में जिलेभर से बंजारा समाज के 84 टांडा के दस हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। सम्मेलन में सरसपुरी महाराज ने कहा बुरहानपुर में देश का सबसे बड़ा संत सेवालाल महाराज मंदिर बन रहा है। यहां से जो भी निर्णय पारित होगा, उसका पालन राष्ट्र के सभी बंजारा समाज को करना होगा। संत सेवालाल महाराज समाज सुधारक थे। सामाजिक रीति.रिवाजों को समाज हित में करने का उनका प्रयास था। हम सभी को उनका अनुसरण करना चाहिए। सम्मेलन में होली और संत सेवालाल महाराज के भजनों पर समाजजन जमकर झूमे और भक्तों पर फूल बरसाए। आखिर में सेवालाल महाराज की महाआरती और प्रसादी वितरण हुआ।

करण पुरी महाराज ने कहा संत सेवालाल महाराज सत्य, अहिंसा और उच्च नैतिक मूल्यों का संदेश देकर उन्होंने समाज में नवचेतना का संचार किया। उनका प्रेरणादायी जीवन सदैव समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा। गोर बंजारा सेवा समिति जिलाध्यक्ष गजराज राठौड़ ने कहा संत सेवालाल महाराज जयंती पर हम न केवल उनके जन्म का उत्सव मनाते हैं, बल्कि एक ऐसे समाज के निर्माण की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करके उनके दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का प्रयास भी करते हैं। समाज में संत सेवालाल मंदिर के कारण सामाजिक चेतना दिनों दिन बढ़ती जा रही है। समाज की उन्नति के लिए निरंतर प्रयास जारी है।

**एक नजर** — अर्चना चिटनिस के सतत प्रयासों से बुरहानपुर विकास की नई ऊँचाइयों पर .....

## मुख्यमंत्री डॉ . यादव की घोषणाओं से बुरहानुपर के तीव्र विकास को मिली नई दिशा




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के दूरदर्शी नेतृत्व, लगनशीलता और प्रभावी कार्यशैली के चलते बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र विकास और समृद्धि के पथ पर तीव्र गति से अग्रसर है।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बुरहानपुर का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में है और विधायक अर्चना चिटनिस की सक्रिय भूमिका से जिले में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि हम एयर स्ट्रिप की बात करते है तो अर्चना दीदी मिनी एयरपोर्ट से कम की मांग और उससे कमतर काम नहीं चाहती। अंत: बुरहानपुर को मिनी एयरपोर्ट देने की घोषणा करता हूं।

चिटनिस ने मुख्यमंत्री के समक्ष जिले के समग्र विकास को लेकर महत्वपूर्ण मांगें रखीं, जिन पर मुख्यमंत्री ने तत्परता से घोषणाएँ कर बुरहानपुर को ऐतिहासिक सौगातें दीं। इनमें प्रमुख रूप से केला उत्पादक किसानों के लिए वैल्यू एडिशन, भंडारण एवं प्रसंस्करण इकाई की स्थापना, बुरहानपुर में कृषि आधारित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन, नगर परिषद शाहपुर को नगर पालिका का दर्जा, उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना, संगीत.कला, वारकरी संप्रदाय के लिए शिक्षण संस्थान, खामनी. दहीहांडी. बड़सिंगी.मैथा, खामनी.रायगांव, शाहपुर. सुखपुरी एवं लालबाग.शहादरा मार्गों का निर्माण एवं मजबूतीकरण की स्वीकृति, महाविद्यालयों में हॉर्टीकल्चर विषय प्रारंभ करना, युवाओं के लिए कौशल आधारित प्रशिक्षण केंद्र, बुरहानपुर सहकारी सूत मिल श्रमिकों के बकाया भुगतान, जिले में नए उद्योग.धंधों की स्थापना जैसी विकासोन्मुख घोषणाएँ शामिल हैं, जो बुरहानपुर को औद्योगिकए कृषि एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाएंगी।

**सिंचाई और जल संसाधन परियोजनाओं से बदलेगी बुरहानपुर की तस्वीर:-** ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना को लेकर विगत 25 वर्षों से प्रयत्नशील श्रीमती अर्चना चिटनिस की मेहनत को अब धरातल पर उतरता हुआ शीघ्र देख सकेंगे।

श्रीमती चिटनिस ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में ताप्ती मेगा रीचार्ज परियोजना को कैबिनेट से स्वीकृति मिली है, जिससे जिले को दीर्घकालीन जल सुरक्षा प्राप्त होगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्थायी विकास का आधार बनेगा। जिस पर बुरहानपुर के मंच पर मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव द्वारा ताप्ती ग्राउंड वॉटर मेगा रिचार्ज परियोजना को जब बुरहानपुर के लिए वरदान बताया और शीघ्र ही इस योजना का क्रियान्वयन करने की बात कही।

**श्रीराम गमन पथ में शामिल हो बुरहानपुर:-** विधायक अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर के प्राचीन, वैदिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए श्रीराम गमन पथ में शामिल करने और उज्जैनी समान अपने बुरहानपुर नगर को हर युग में बदलते स्वरूप अनुरूप ढलने वाली स्थली बताते हुए इसके प्राचीन स्वरूप और तत्समय के उज्जवल निखार को पुन: स्थापित करने हेतु बात कही।

चिटनिस ने कहा कि भगवान श्री राम ने ताप्ती तट पर पौराणिक स्थल ब्रघ्नपुर में आगमन किया था, ऐसा स्कंद पुराण के ताप्ती महात्म्य में वर्णन है। वर्तमान बुरहानपुर में ऐसे चार स्थान है, जो पौराणिक उल्लेख को स्पष्ट करते है।

श्री राम झरोखा मंदिर, नागझीरी घाट, सीता नहानी.नेपानगर, सीता माता गुफा.ठाठर और नारदवर्त.नावथा। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि न्यास द्वारा मनोनित डॉ.रामावतार शर्मा जी शोध करके जा चुके है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक अर्चना चिटनिस के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि बुरहानपुर का विकास सरकार की प्राथमिकता है और आने वाला समय जिले की समृद्धि का साक्षी बनेगा।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बुरहानपुर हर क्षेत्र में विकास के पथ पर अग्रसर है और आने वाले वर्षों में बुरहानपुर को मध्यप्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल किया जाएगा।

### चिटनिस की पहल से बुरहानपुर में होगी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

श्रीमती अर्चना चिटनिस की निर्णायक पहल और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से प्रत्यक्ष संवाद के परिणामस्वरूप बुरहानपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित करने की घोषणा की गई है। यह निमाड़ क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री के समक्ष निमाड़ की औद्योगिक संभावनाओंए कृषि.आधारित उद्योगों और निवेश अवसरों का ठोस दृष्टिकोण प्रस्तुत कियाए जिस पर मुख्यमंत्री ने सहमति व्यक्त करते हुए कॉन्क्लेव कराने की घोषणा की। इस कॉन्क्लेव से फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, डेयरी, शुगर, एथेनॉल और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगाए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और निमाड़ को औद्योगिक पहचान मिलेगी। यह पहल स्पष्ट करती है कि अर्चना चिटनिस घोषणाओं की नहीं, बल्कि परिणाम देने वाली राजनीति की प्रतीक हैं।

**संगीत.कला, वारकरी संप्रदाय के लिए शिक्षण संस्थान की सौगात:-** श्रीमती अर्चना चिटनिस ने संगीत.कला, वारकरी संप्रदाय के लिए शिक्षण संस्थान स्थापना की मांग रखी। उन्होंने कहा कि संस्कृति, धर्म, दर्शन, साहित्य व संगीत की समृद्ध परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा। जिस पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने घोषणा की कि बुरहानपुर में वारकरी समुदाय का कीर्तन केंद्र बनाया जाएगा।

### केला उत्पादक किसानों के लिए वैल्यू एडिशन, भंडारण एवं प्रसंस्करण इकाई की स्थापना

अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर आदिकाल से कपड़ा और कपड़े की जरदारी का प्रमुख केन्द्र रहा है। अंग्रेज हमारे बुरहानपुर से कला बत्तु और जरदारी की कला को इंग्लेंड और यूरोप ले गए। बुरहानपुर में कपड़े पर स्वर्ण और चांदी.तांबा आदि धातुओं से कलात्मक छपाई होती रही। जिसका परिष्कृत स्वरूप आज केले के रेशे से कपड़ा निर्माण तक माननीय मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम स्थल पर स्वयं देखा है। अत: बुरहानपुर के कपड़ा उद्योग और बुनकरों को मध्यप्रदेश सरकार ऐसी सुविधाएं और उद्योग की सौगात दे जिससे बुरहानपुर अपने प्राचीन स्वरूप के साथ.साथ नए विश्व स्तरीय परिष्कृत उद्योग लगाकर प्रगति के नए आयाम स्थापित करें। मुख्यमंत्री डॉण्मोहन यादव ने कहा कि बुरहानपुर कपड़ा उद्योग और पावरलूम का प्रमुख केंद्र है और बुनकरों का शहर के रूप में देशभर में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि कपास और केला जैसी प्रमुख फसलों के लिए प्रोसेसिंगए भंडारण और निर्यात सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, जिससे किसानों की आय और युवाओं हेतु रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकेंगी।